एनएचपीसी
NHPC
एक नवरत्न कंपनी

# राजभाषा विभाग, निगम मुख्यालय

## अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन एवं संगोष्ठी 2026 का आयोजन

निगम में राजभाषा हिंदी कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने और राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग को बढ़ाने के लिए निरंतर निष्ठापूर्वक प्रयास किए जा रहे हैं। केंद्र सरकार की राजभाषा नीति और विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार की हिंदी सलाहकार समिति की सिफारिशों के अनुपालन में, निगम मुख्यालय के राजभाषा विभाग द्वारा 31 जनवरी से 02 फरवरी, 2026 तक 03 दिवसीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन और संगोष्ठी का सफल आयोजन कोवलम, केरल में किया गया।

सम्मेलन के उद्घाटन सत्र में श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर श्री नवीन कुमार जैन, कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन), श्री संजीव कुमार, महाप्रबंधक (जनसंपर्क)-राजभाषा भी उपस्थित रहे। सत्र के विशिष्ट अतिथि तथा वक्ता के रूप में प्रोफेसर जी. गोपीनाथन, पूर्व कुलपति, महात्मा गांधी अंतर्राष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा ने अपने महत्वपूर्ण उद्बोधन से प्रतिभागियों को लाभान्वित किया। पारंपरिक रूप से दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।

इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए निदेशक (कार्मिक) महोदय ने राजभाषा हिंदी के विकास में एनएचपीसी की भूमिका और भविष्य की जिम्मेदारियों तथा संसदीय समिति की अपेक्षाओं के अनुरूप निगम में राजभाषा हिंदी के समुचित कार्यान्वयन पर बल देते हुए हिंदी की महत्ता पर प्रकाश डाला। अतिथि वक्ता प्रोफेसर जी. गोपीनाथन ने हिंदी भाषा के विविध आयाम के साथ हिंदीतर क्षेत्र में राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग तथा हिंदी अनुवाद के विभिन्न पहलुओं पर अत्यंत रोचक जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम के दूसरे सत्र में केरल विश्विद्यालय के हिंदी विभाग की पूर्व अध्यक्षा प्रो. (डॉ.) एस. तंकमणि अम्मा ने उपस्थित प्रतिभागियों को मलयालम एवं हिंदी भाषा के समन्वय पर उपयोगी वक्तव्य दिया।

सम्मेलन के अंतिम सत्र में निदेशक (कार्मिक) महोदय द्वारा निगम के विभिन्न विभागों/ परियोजनाओं/ पावर स्टेशनों/ कार्यालयों में राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग और राजभाषा कार्यान्वयन संबंधी प्रगति की समीक्षा की गई। संबंधित कार्यालयों में पदस्थ राजभाषा कार्मिकों/ समन्वयकों द्वारा उनके कार्यालय में राजभाषा कार्यान्वयन से संबंधित जानकारी पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन से प्रस्तुत की गई।

श्री संजीव कुमार, महाप्रबंधक (जनसंपर्क)-राजभाषा ने कार्यक्रम के अंत में मुख्य अतिथि श्री उत्तम लाल, निदेशक (कार्मिक), श्री नवीन कुमार जैन, कार्यपालक निदेशक (मानव संसाधन), अतिथि वक्ताओं और सभी उपस्थित प्रतिभागियों का हार्दिक धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

राजभाषा हिंदी के प्रगामी प्रयोग की उतरोत्तर वृद्धि के उद्देश्य से आयोजित किए जाने वाले राजभाषा सम्मेलन की कड़ी में इस वर्ष यह 21वां राजभाषा सम्मेलन आयोजित किया गया। इस सम्मेलन में निगम में पदस्थापित राजभाषा कैडर के कार्मिकों तथा विभिन्न परियोजनाओं/ इकाईयों में राजभाषा हिंदी का कार्य देख रहे अधिकारियों ने प्रतिभागिता की। सभी प्रतिभागियों ने इस 03 दिवसीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन और संगोष्ठी के माध्यम से प्राप्त जानकारी को अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं कार्यालयीन कार्यों को हिंदी में करने में सहायक तथा उपयोगी बताया।

एक नवरत्न कंपनी

## राजभाषा विभाग, निगम मुख्यालय






एक नवरत्न कंपनी

# राजभाषा विभाग, निगम मुख्यालय






एक नवरत्न कंपनी

# राजभाषा विभाग, निगम मुख्यालय






एक नवरत्न कंपनी

# राजभाषा विभाग, निगम मुख्यालय






एक नवरत्न कंपनी

# राजभाषा विभाग, निगम मुख्यालय






एक नवरत्न कंपनी

# राजभाषा विभाग, निगम मुख्यालय





एक नवरत्न कंपनी

# राजभाषा विभाग, निगम मुख्यालय










एक नवरत्न कंपनी

# राजभाषा विभाग, निगम मुख्यालय



एक नवरत्न कंपनी

# राजभाषा विभाग, निगम मुख्यालय





एक नवरत्न कंपनी

# राजभाषा विभाग, निगम मुख्यालय
















एनएचपीसी
NHPC
एक नवरत्न कंपनी

## राजभाषा विभाग, निगम मुख्यालय

